हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
मंगलवार, 22 फरवरी 2022, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com
वर्ष 87, अंक 45, 20 पेज+4 पेज लाइव, मूल्य ₹ 3.00, एचटी एज के साथ ₹ 4.00 एवं हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ ₹ 7.50

सुरक्षा व्यवस्था एओए को सौंपी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी 1 सोसाइटी के पहले एवेन्यू की एओए के सदस्यों को सोमवार को बिल्डर ने मेंटेनेंस और सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंप दी।

इस संबंध में दोनों पक्षों द्वारा एक एमओयू साइन किया गया हैं। एओए के अध्यक्ष केके सिन्हा ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बिल्डर गौर संस ने सभी अधूरे कार्य पूरे करने, सभी सुविधाएं देने और संवैधानिक जरूरतों को 60 से 90 दिनो के अंदर पूरा करने का लिखित आश्वासन दिया है। साथ ही कार्य को करने के बाद पूरी देय राशि को छह माह के अंदर पोस्ट डेटेड चेक द्वारा भुगतान करने का वादा किया है। जल्द से जल्द प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा।